25/5/17

संख्या–39/2017/471/23–10–2017– 07(सा)/14

प्रेषक,

सदाकान्त,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1– प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

2– प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0,
लखनऊ।

3– प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0,
लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग–10 लखनऊः दिनॉक 25 मई, 2017

विषयः– **प्रदेश में निर्मित किये जाने वाले सेतुओं की परियोजनाओं के निर्माण हेतु सेतु एवं पहुंच मार्ग दोनों के लिये एक ही कार्यदायी संस्था नामित किये जाने के संबंध में ।**

---------

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कार्यालय प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग के पत्र सं0–295/सामान्य–सेतु/सेतु–31/2017, दि0 12.05.2017, जिसके द्वारा प्रदेश में सेतु परियोजनाओं के निर्माण हेतु सेतु एवं पहुंच मार्ग दोनों के लिये एक ही कार्यदायी संस्था नामित किये जाने के संबंध में प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है, का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2– प्रमुख अभियंता(विकास) एवं विभागाध्यक्ष, लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रेषित प्रस्ताव का परीक्षण किया गया। प्रायः यह देखने मे आता है कि सेतु का निर्माण उ0प्र0 राज्य सेतु निगम करता है तथा उसके पहुंच मार्ग का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाता है, जिसके कारण को–आर्डीनेशन का अभाव बना रहता है और सेतु का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के बाद भी कभी–कभी पहुंच मार्ग नहीं बन पाता है, जिससे जनता को इसका लाभ समय से नहीं मिल पाता। अतः राज्य सरकार द्वारा यह सुविचारित निर्णय लिया जाता है कि उ0प्र0 राज्य सेतु निगम द्वारा जो सेतु निर्मित किया जायेगा उसका पहुंच मार्ग भी वह ही बनायेगा। इसके लिये उ0प्र0 राज्य सेतु निगम भविष्य में किसी सेतु के निर्माण की परियोजना बनाते समय उसके पहुंच मार्ग के निर्माण की परियोजना भी साथ ही बनायेगा ताकि भविष्य में इसका क्रियान्वयन एक साथ ही हो सके। इसी प्रकार जिन लघु सेतुओं का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाता है, उनके पहुंच मार्ग का निर्माण भी लोक निर्माण विभाग द्वारा ही कराया जायेगा।

क्रमशः..................

3– चूंकि यह नीति विषयक महत्वपूर्ण निर्णय है, जिसका फील्ड स्तर पर कियान्वयन तत्काल प्रभाव से किया जाना आवश्यक है। लोक निर्माण विभाग तथा उ0प्र0 राज्य सेतु निगम द्वारा बनाये जाने वाले सेतुओं के साथ ही उनके पहुंच मार्ग की पूरी परियोजना का आंकलन एक साथ किया जाय और दोनों का निर्माण कार्य भी एक साथ ही सुनिश्चित कराया जाय जिससे सेतु का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर उसके पहुंच मार्ग भी बन जाय जिससे इसका लाभ जनता को मिल सके।

इस आदेश का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाय और फील्ड स्तर पर इसका अनुपालन सुनिश्चित कराने की व्यवस्था की जाय।

भवदीय,

25/5/17

( सदाकान्त )
अपर मुख्य सचिव।

**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता (विकास) विभागाध्यक्ष,**
**लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश।**

पत्रांकः 401 कैम्प–प्र0अ0विकास / 01 सरकुलर / 2017 दिनांकः 29 .05.2017

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु प्रेषित :–

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लिमिटेड / उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता (मु0–1) / (सेतु), लो0नि0वि0, लखनऊ।
3. समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता, लो0नि0वि0, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त अधीक्षण अभियन्ता / अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0, उ0प्र0 **(ईमेल द्वारा)**।

29/5/17

(वी0 के0 सिंह)
प्रमुख अभियन्ता (विकास)
एवं विभागाध्यक्ष
लो0नि0वि0 उत्तर प्रदेश

l.b.g.o.

